

# रामनवमी पर प्राचीन श्रीराम मंदिर में महाआरती

▸ मंदिर में विशेष पूजन, हजारों भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी





**सेंधवा, ( नवभारत )।** शहर के प्राचीन राम मंदिर में रामनवमी पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। पंचामृत अभिषेकए महाआरती और भंडारे में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। कन्या भोजन के साथ प्रसादी वितरण हुआ। विहिप-बजरंग दल द्वारा शुक्रवार शाम शोभायात्रा निकाली जाएगी।

राम बाजार स्थित प्राचीन राम मंदिर में गुरुवार को रामनवमी पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित कैलाश शर्मा ने सुबह 4 बजे भगवान श्रीराम का पंचामृत अभिषेक कर नवीन वस्त्र धारण कराए। दोपहर 12 बजे आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मंदिर समिति के सदस्य शामिल हुए।

मंदिर में स्थापित प्रतिमा प्राचीन किले की खुदाई के दौरान प्राप्त हुई थी। पुजारी के अनुसार एक ही पत्थर पर उकेरी गई यह प्रदेश की इकलौती प्रतिमा हैए जिसमें श्रीराम अपने चारों भाइयोंए माता सीताए हनुमानए अंगद और पूरी वानर सेना के साथ विराजित हैं। आयोजन के दौरान मंदिर को विशेष फूलों से सजाया गया।

श्रीराम मंदिर सेवा समिति द्वारा रामनवमी पर भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे कन्या भोजन के साथ प्रसादी वितरण प्रारंभ हुआ। इसमें शहर के लगभग 5 से 7 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय यादवए दिलीप कानूनगोए महेश सोनी और शरद पालीवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

चौत्र नवरात्रि के दौरान विहिप और बजरंग दल द्वारा मोतीबाग चौक पर श्रीराम दरबार स्थापित किया गया है। यहां प्रतिदिन सुबह.शाम विधि.विधान से पूजन और आरती की जा रही है। संगठन ने अंतिम दिन निकलने वाली शोभायात्रा में अधिक संख्या में लोगों के शामिल होने की अपील की है।

ज्योतिषियों के अनुसार उदया तिथि के आधार पर रामनवमी 27 मार्च को हैए लेकिन 26 मार्च गुरुवार को सुबह 11 बजे से नवमी तिथि प्रारंभ होने के कारण कई स्थानों पर एक दिन पूर्व ही रामनवमी मनाई गई।

> **शुक्रवार को निकलेगी शोभायात्रा**
>
> विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा शुक्रवार को शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। विहिप जिलाध्यक्ष गिरवर दयाल शर्मा ने बताया कि यात्रा शाम 5 बजे मोतीबाग चौक से प्रारंभ होगी। मुखर्जी चौराहा, पुराना बस स्टैंड और पुराना एबी रोड से होते हुए राम मंदिर पर समाप्त होगी।

# किसान की थैली से उड़ाए एक लाख रुपए

▸ बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे रिकॉर्ड हुई चोरी की पूरी वारदात



**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले के खेतिया स्थित बैंक ऑफ इंडिया में गुरुवार दोपहर एक किसान के साथ एक लाख रुपए की चोरी हो गई। क्रॉप लोन जमा करने आए किसान ओंकार जाधव की थैली को दो महिलाओं ने ब्लेड से काटकर रुपए चुरा लिए। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मोरतलाई निवासी ओंकार जाधव अपने बेटे प्रदीप के साथ फसल बेचकर क्राप लोन के एक लाख रुपए जमा कराने बैंक पहुंचे थे। उन्होंने ब्याज के लिए 5000 रुपए निकालने की विड्राल पर्ची भरी। इसी दौरान दो अज्ञात महिलाएं उनके पास आकर खड़ी हो गई। इनमें से एक महिला का चेहरा स्कार्फ से ढका हुआ था।

विड्राल पर्ची भरते समय एक महिला ने किसान ओंकार जाधव के कंधे पर टंगी थैली को ब्लेड से काट दिया। थैली से 500-500 रुपए के नोटों के दो बंडल कुल एक लाख रुपए चुराकर दोनों महिलाएं चुपचाप बैंक परिसर से बाहर निकल गई।

सूत्रों से पता चला की किसान को कुछ देर बाद थैली हल्की महसूस हुई और जब उन्होंने जांच की तो एक लाख रुपए गायब थे। यह पूरी घटना बैंक के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। ओंकार जाधव ने तत्काल खेतिया थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों महिलाओं की तलाश कर रही है।

## एक नजर में

### आपदा मित्रों को भूकंप से रेस्क्यू के बारे में बताया



**बड़वानी।** युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्रों का उपयोग, क्षतिग्रस्त इमारतों से रेस्क्यु भूकम्प के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में लेक्चर देकर प्रशिक्षित किया गया। इसी बीच बीपी वर्मा संभागीय सेनानी इन्दौर के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को किसी भी आपदा के समय आवश्यक तैयारियां एवं आपदा की स्थिति में आपदा मित्रों को प्रशासन के साथ सहभागिता के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। केंद्रीय जेल अधीक्षक श्रीमति शैफाली तिवारी के द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय पर आपदा मित्रों को महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। रामेश्वरदयाल सेन संभागीय भारत स्काउट एवं गाइड की विशेष उपस्थिति रही तथा शरदचन्द्र राय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट जिला बड़वानी, मुकेश मीणा प्लाटून कमाण्डर एवं एसडीईआरएफ टीम भी मौजूद थी।

### 31 मार्च तक निरंतर खुला रहेगा कार्यालय

**बड़वानी।** जिला परिवहन कार्यालय 31 मार्च तक अवकाश के दिनों में निरंतर खुला रहेगा। जिला परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान लायसेंस, फिटनेस, पंजीयन आदि कार्य नियमित रूप से चालू रहेंगे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए शिरोड़े दंपती सम्मानित

▸ संजय कुमार शिरोडे और सविता शिरोडे को दिया राज्यस्तरीय पुरस्कार

**पानसेमल, ( नवभारत )।** स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक गायत्री परिवार के परिजन संजय कुमार शिरोडे और उनकी जीवन संगिनी सविता शिरोडे को राज्य स्तरीय आदर्श लक्ष्मी नारायण पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उन्हें महाराष्ट्र से श्री हरि शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, प्रतिष्ठान नामपुर जिला नासिक महाराष्ट्र में सम्मानित किया।



प्रतिष्ठान के मुख्य संचालक और अखिल भारतीय लाड़ शाखीय वाणी समाज के प्रवर्तक शरद हरि नेरकर तथा सौ स्नेहलता नेरकर द्वारा राज्य संजय कुमार शिरोडे को सपत्नीक प्रदान किया।

### शिरोडे दंपती को किया सम्मानित

यह पुरस्कार सामाजिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिरोडे दाम्पत्य को सम्मानित किया गया। संजय शिरोडे ने बताया कि समाज को अग्रसर करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक सामाजिक जवाबदारी होती है और उसे वह व्यवस्थित निभाए ताकि कोई भी समाज अपने पैरों पर खड़ा हो सके। यह लीलाई पुरस्कार का कार्यक्रम जागतिक महिला दिन के उपलक्ष में रखा गया।

### कार्यक्रम का मुख्य बिंदु

बहुजन सुखा, बहुजन हिताय के उद्देश्य को साकार करना ही कार्यक्रम का मुख्य बिंदू रहा। संजय शिरोडे के सपत्नीक सम्मान पर संस्था प्रभारी सरिता धार्वे, सुधीर पाटिल, समस्त शालेय परिवार, समस्त गायत्री परिवार, समाज के वरिष्ठ प्रकाश मालपुर, राजेंद्र जगताप, कृष्णकांत चौधरी, प्रकाश चंद्र शार्दूल, महेंद्र भावसार ने हर्ष व्यक्त किया तथा शिरोडे परिवार को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# धूमधाम से निकाली शोभायात्रा और सांई पालकी

▸ विभिन्न संगठनों द्वारा शहर के कई स्थानों पर किया गया भव्य स्वागत



**बड़वानी, ( नवभारत )।** श्रीराम नवमी महापर्व के अवसर पर अंजड़ नाका स्थित श्री सांई शनैश्वर पशुपतिनाथ मंदिर द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम के तहत गुरुवार को आस्था और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। मां गायत्री मंदिर से शाम 5 बजे भगवान श्रीराम दरबार की शोभायात्रा एवं श्री सांई बाबा की पालकी यात्रा धूमधाम व उत्साह से निकाली गई।

यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा शहर जय श्रीराम और सांई बाबा के जयकारों से गूंज उठा। आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़ों की थाप, स्पेशल बैंड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। भगवान श्रीराम की भव्य झांकी, सांई बाबा की चावड़ी, रुक्मिणी-विट्ठल रास, बाहुबली हनुमान प्रस्तुति, अघोरी शिव नृत्य, आदिवासी नृत्य और राजस्थान का कठपुतली नृत्य विशेष आकर्षण रहे। सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

डॉ चक्रेश पहाड़िया परिवार द्वारा पोहे एवं शीतल जल, करुणा स्टोर्स द्वारा कुल्फी, श्री राम कुललेश्वर डोला समिति द्वारा शरबत, श्री सांई सुपर बाजार द्वारा आइसक्रीम, पार्षद सचिन शर्मा द्वारा नींबू पानी व आम जूस, बीजेपी बड़वानी व कांग्रेस कमेटी द्वारा पुष्प वर्षा, तिरुपति बालाजी ग्रुप द्वारा कचोरी एवं शीतल पेय, जागृत हिंदू मंच, परम श्री कंप्यूटर, स्वप्निल माहेश्वरी, श्री सांई बुक स्टोर एवं आईटी प्लस, श्री सांई मंदिर डिपो तथा श्री सरस्वती इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा भी स्वागत किया गया।

> **आज आयोजित होगा विशाल भंडारा**
>
> आयोजन के दूसरे दिन 27 मार्च को सुबह 7 .30 बजे अभिषेक पुजन एवं श्रीराम महायज्ञ होगा। इसके बाद 10 .30 बजे पूर्णाहुति, महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसादी ग्रहण करने की संभावना है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।





# पेट्रोल पंपों पर अफवाह के चलते लगी रहीं लंबी कतारें

▸ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अपील भी रही बेअसर

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** मध्य प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैली अफवाहों ने अचानक हालात बिगाड़ दिए. सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों के कारण लोगों में घबराहट फैल गई, जिसके चलते पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी. इंदौर शहर में मंगलवार शाम से बुधवार तक कई स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं. लोग अपने वाहनों में जल्द से जल्द ईंधन भरवाने के लिए पंपों पर पहुंचने लगे, जिससे कुछ जगहों पर अस्थायी अव्यवस्था की स्थिति बन गई. हालांकि, जिला प्रशासन और पेट्रोल पंप संचालकों ने स्पष्ट किया है कि कहीं भी पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है. अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सामान्य रूप से ही ईंधन भरवाएं. खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक एम. एल. मारू ने बताया कि इंदौर में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू बनी हुई है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई पेट्रोल पंप संचालक पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद किसी भी कारण से पंप बंद करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. हालात यह है जिस जीपीओ स्थित बत्रा पेट्रोल पंप पर 4000 लीटर रोज की खपत थी वहां 12000 लीटर की खपत हो गई जिसके कारण यहां भी लोगों में सैनिक की स्थिति बनी खपत के हिसाब से टैंकर आने जाने समय के कारण लोगों में अफवाह की स्थिति बन रही है जिसे लेकर भी जिला प्रशासन सचेत है.

### ▸ विवाद के बाद पंप किया बंद

इसी क्रम में बुधवार शाम कनाडिया क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर हल्का विवाद होने के बाद संचालक ने पंप बंद कर दिया था. सूचना मिलते ही खाद्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत पंप को दोबारा खुलवाया. साथ ही संचालक को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी विवाद की स्थिति में पुलिस की सहायता लें, लेकिन पंप बंद न करें.

**झूठी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई**

-एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शहर में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है. जो लोग सोशल मीडिया पर किल्लत की झूठी खबरें फैला रहे हैं, उन्हें हम चिन्हित कर रहे हैं. ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. जनता से अपील है कि वे ऐसी खबरों पर भरोसा न करें और न ही इन्हें आगे बढ़ाएं.

# ऑनलाइन होटल बुकिंग के नाम पर ठगी

▸ लॉजिस्टिक कंपनी से कर्मचारियों ने की धोखाधड़ी

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं. एक मामले में होटल बुकिंग के नाम पर लाखों रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई, जबकि दूसरे मामले में लॉजिस्टिक कंपनी को साजिशपूर्वक आर्थिक नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज हुआ है.

पहले मामले में अपटाउन अपोलो डीबी सिटी में रहने वाले 33 वर्षीय अंकित मूंदड़ा ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने परिवार के साथ मुंबई घूमने के लिए इंटरनेट पर होटल बुकिंग के दौरान एक मोबाइल नंबर पर संपर्क किया. आरोपी ने 5 दिनों के लिए प्रति व्यक्ति 7800 रुपए के हिसाब से 1,44,815 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए.

> **कर्मचारियों ने ही लगा दिया कंपनी को चूना**
>
> वहीं, दूसरे मामले में एमआरसी लॉजिस्टिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम तलावली चांदा से जुड़ा धोखाधड़ी का प्रकरण सामने आया है. यहां कंपनी के कर्मचारियों ने ही योजनाबद्ध तरीके से कंपनी के साथ धोखाधड़ी की. आरोपी कुलदीप सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अन्य आरोपियों विनय काशीनाथ चौहान, सचिन सोनी, रेनू कुमारी और अमित शर्मा के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा. आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अनैतिक लाभ कमाने की नीयत से कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया. कंपनी के अधिकारी राजीव आर्य की शिकायत पर पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# पानी के छींटे लगने पर हो गया बवाल, खुलेआम चले हथियार

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. पानी के छींटे पड़ने की बात पर दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते सड़क पर मारपीट और हथियारबाजी में बदल गया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि बीच सड़क पर दो गुट आमने-सामने हैं और जमकर लात-घूंसे चल रहे हैं. कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ जाता है कि दोनों ओर से हथियार निकाल लिए जाते हैं और एक-दूसरे पर हमला किया जाता है. सरेराह हुए इस घटनाक्रम से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया. जानकारी के मुताबिक, विवाद की शुरुआत उस समय हुई, जब एक वाहन से उछले पानी के छींटे दूसरे पक्ष पर पड़ गए. इसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक झड़प में तब्दील हो गई.

मामले में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि भंवरकुआं थाना क्षेत्र में पानी के छींटे पड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था. घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग हथियार लहराते दिख रहे हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है. पुलिस अब वीडियो में नजर आ रहे सभी आरोपियों की तलाश कर रही है. दंडोतिया का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# एम्बुलेंस की टक्कर से युवक घायल, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने एक युवक की जान ले ली. लापरवाही से चलाए जा रहे वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. पुलिस ने आरोपी एम्बुलेंस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस के मुताबिक, घटना 23 मार्च की शाम करीब 7 बजे की है. 38 वर्षीय फरियादी विजय कोचले निवासी खजराना ने बताया कि उनके बड़े भाई संजय कोचले अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी सामने से तेज गति में आ रही एम्बुलेंस ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे में वे सड़क पर गिर गए और उनके सिर, हाथ, कमर व पैर में गंभीर चोटें आईं, जिससे काफी खून बहा, घटना के बाद राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके जरिए घायल को ट्रामा सेंटर, खंडवा नाका पहुंचाया गया. यहां करीब 1-2 घंटे तक चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, टक्कर मारने वाली एम्बुलेंस का नंबर टीएस-09-यूडी-8944 है. मामले में चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.

# थानों की रैंकिंग में बाणगंगा अव्वल, पंढरीनाथ सबसे पीछे

**फरवरी में 32 थानों का कामकाज परखा**

**लोगों की संतुष्टि और काम की गुणवत्ता बने आधार**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पुलिस कमिश्नरेट ने फरवरी महीने में शहर के थानों के कामकाज की रैंकिंग जारी की है. इसमें बाणगंगा थाना सबसे आगे रहा, जबकि पंढरीनाथ थाना सबसे पीछे रहा. पुलिस ने यह रैंकिंग थानों के काम की गति, लोगों की संतुष्टि और आम लोगों के लिए किए गए प्रयासों को ध्यान में रखकर तैयार की है.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर लागू की गई इस मूल्यांकन प्रणाली में हर माह शहर के 32 थानों के कामकाज की मासिक समीक्षा की जाती है. फरवरी महीने के आंकड़ों का आकलन संबंधित जोन के डीसीपी की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने किया. रैंकिंग में शामिल मुख्य बिंदु थे- अपराधों पर नियंत्रण, मामलों का निपटान, लोगों की संतुष्टि और आम लोगों के हित में किए काम. इन बिंदुओं पर सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए जोन-03 का बाणगंगा थाना पहले स्थान पर रहा. वहीं, जोन-04 का पंढरीनाथ थाना औसत कामकाज के कारण अंतिम पायदान पर रहा. ध्यान देने वाली बात यह है कि फरवरी के दूसरे सप्ताह में पंढरीनाथ थाना में नए थाना प्रभारी की पोस्टिंग हुई थी, जिसका असर रैंकिंग पर दिखा. पुलिस अधिकारी मानते हैं कि इस तरह की रैंकिंग से थानों में काम की गुणवत्ता बढ़ेगी और लोगों के प्रति पुलिस की जिम्मेदारी और जवाबदेही मजबूत होगी.